## एक नजर में

### वेयरहाउस में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

**देवास।** कांटाफोड़ थाना अंतर्गत ग्राम विजवाड़ निवासी फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई कि 31 जुलाई को वे निजी कार्य से उज्जैन गए थे। अगले दिन सुबह 1 अगस्त को वेयरहाउस के चौकीदार द्वारा सूचना दी गई कि वेयरहाउस से रात में चोरी हो गई है। अज्ञात चोरों द्वारा 45 बोरियां गेहूं प्रत्येक 50 किलो की चोरी हो गई हैं। पुलिस ने धारा 331(4),305(ए) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया। पुलिस टीम के द्वारा तकनीकी साक्ष्य,भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय किये गये। टीम द्वारा घटनास्थल एवं आसपास के विजवाड़ तथा कन्नौद क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए जिसमें एक संदिग्ध पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 05 जेड एफ 2186 एवं एक मोटरसाइकिल की पहचान हुई जिनकी मूवमेंट को ट्रेस करते हुए देवास-उज्जैन मार्ग पर लगभग 300 कैमरे चेक किए गए। उक्त वाहन उज्जैन के आगर नाके पर दिखाई दी जिससे वाहन स्वामी की जानकारी प्राप्त कर यह ज्ञात हुआ कि वाहन रितिक पिता गोपाल गौर उम्र 23 वर्ष निवासी चतरखेड़ा सिवनीमालवा होशंगाबाद को बेचा गया था। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी रितिक को चोरी किए गए गेहूं व पिकअप वाहन सहित रितिक पिता गोपाल गौर उम्र 23 वर्ष निवासी चतरखेड़ा सिवनीमालवा होशंगाबाद सिवनीमालवा से गिरफ्तार किया गया एवं उसकी निशानदेही पर दूसरा आरोपी भगवत पिता देवकिशन उम्र 40 वर्ष निवासी पिपल्या थाना शाहगंज जिला सीहोर को उज्जैन से गिरफ्तार किया गया जिसके पास से घटना में प्रयुक्त एचएफ डिलक्स मोटरसाइकिल बरामद की गई। पूछताछ में यह भी ज्ञात हुआ कि उक्त मोटरसाइकिल को भोपाल से चुराया गया था। चोरी के दौरान पुलिस को भ्रमित करने के लिए आरोपियों ने वाहन की तिरपाल चार बार बदली लेकिन फिर भी पुलिस की पकड़ में आ गए।

### जेवलिन डे पर 200 खिलाड़ियों ने अपना जौहर दिखाया



**देवास।** देवास जिल एथलेटिक्स एसोसिएशन एवं प्रगति एथलेटिक्स क्लब द्वारा आयोजित चौथी राष्ट्रीय जेवलिन प्रतियोगिता जो कि टोक्यो में भारत को गोल्ड दिलाने वाले नीरज चौपड़ा के प्रदर्शन के आधार पर भारतीय एथलेटिक फेडरेशन द्वारा प्रति वर्ष 7 अगस्त को जेवलिन डे घोषित किया है। जिसमें जिला स्तर पर जेवलिन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। 7 अगस्त को चौथी राष्ट्रीय जेवलिन प्रतियोगिता कुशाभाउ ठाकरे स्टेडियम खेल मैदान पर आयोजित की गई। जिसमे 200 बालक बालिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि मदनलाल कहार अध्यक्ष देवास जिला एथलेटिक्स एसो, अध्यक्षता मनोज राजानी पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष, विशेष अतिथि प्रेमनारायण तिवारी एवं भूपेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, जावेद पठान, योगेश द्विवेदी, धर्मेन्द्र भदोरिया, विक्रम अवार्डी रागिनी चौहान, मनोज सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ। अतिथियों का स्वागत पवन यादव, जितेन्द्र गोस्वामी, सोनू विश्वकर्मा, श्रीकांत अठवाल, विनय नायर आदि ने किया। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार है- 18 वर्ष बालिका में दिव्या हतोलिया प्रथम, लक्षिता वर्मा द्वितीय, बेबीसिंह तृतीय रही। ओपन केटेगिरी में आरती कुशवाह प्रथम, अंजली जायसवाल द्वितीय, योगिता रघुवंशी तृतीय रही। 18 बालक में रोहित सोलंकी प्रथम, गुलशन यादव द्वितीय, देवराजसिंह तृतीय। ओपन केटेगिरी में अमन पटेल प्रथम, राज यादव द्वितीय तथा चिराज बघेल तृतीय रहे। कार्यक्रम का संचालन अनिल श्रीवास्तव ने किया तथा आभार पंकज वर्मा ने माना।

### चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ी दिल्ली रवाना



**देवास।** 19 वी ऑल इंडिया इंडिपेंडेंस कप कराते चैंपियनशिप 7 से 10 अगस्त 2025 तक तालकटोरा स्टेडियम न्यू दिल्ली में आयोजित की जाएगी। जिसमें विभिन्न राज्यों और पुलिस अर्धसैनिक बलों के सर्वश्रेष्ठ भारतीय कराते खिलाड़ी डब्ल्यू के एफ और ए के एफ के योग्य रेफरी की तकनीकी देखरेख में मुकाबला करेंगे। जिसमें देवास जिला कराते संघ से 18 वर्ग में -50 किलोग्राम में अपूर्व मिश्रा अंडर 14 वर्ग में - 45 किलोग्राम में दिव्या राजपूत अंडर 14 वर्ग में -50 किलोग्राम में आराध्या ठाकुर इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे प्रतियोगिता में कोच के रूप में एशियन जज सेनसाई प्रवीण ढोबले रहेंगे। विश्वामित्र अवॉर्डी सुदेश सांगते, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कपिल व्यास, विवेक बंजारे शिव प्रजापत, करिश्मा सोलंकी रोशनी चौधरी विद्यालय संचालकों में ज्योति देशमुख, शकील कादरी, उस्मान शेख, नमन श्रीवास्तव ,आभा फाउंडेशन से ऋतु व्यास, आशीष राठौर, श्री विनायक इन्वेस्टमेंट सॉल्यूशन के संचालक रवि गुप्ता यश बंजारे, जायसवाल, सिंह सोलंकी, आदि ने खिलाडियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी देवास कोच शिव प्रजापत ने दी।

### जिला अभिभाषक संघ ने मनाया सीजनल फूड फेस्टिवल




**देवास।** जिला अभिभाषक संघ देवास द्वारा न्यायालय परिसर में सीजनल फूड फेस्टिवल आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधीश ऋतुराज सिंह एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अजय प्रकाश मिश्र उपस्थित थे सर्वप्रथम संघ के सभा कक्ष में सरस्वती देवी की तस्वीर पर दीप प्रवजलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई,संघ अध्यक्ष अशोक वर्मा एवं उपाध्यक्ष गीता शर्मा, पंकज पंड्या सचिव अतुल कुमार पंड्या सह सचिव जितेंद्र सिंह ठाकुर कोषाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह तोमर पुस्तकालय सचिव श्वेतांक राज शुक्ला द्वारा कलेक्टर एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश का पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत किया गया अध्यक्ष अशोक वर्मा ने स्वागत भाषण दिया कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह ने अपने उदबोधन मे कहा की यहां पर अभिभाषक संघ बहुत अच्छा काम कर रहा है सीजनल फ़ूड फेस्टिवल का आयोजन भी अनूठा है यदि मुझे पहले पता होता तो मे भी अपना सहयोग करता उन्होंने कहा की नए कलेक्ट्रेट भवन मे 50 से 60 वकीलों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है साथ ही नवीन न्यायालय भवन के लिए शंकरगड की पहाड़ी के पास लगभग 25 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है जहाँ पर भव्य भवन बन जायेगा उन्होंने अधिवक्ताओं, नोटरी अधिवक्ताओं की समस्याओं का निराकरण करने का भी आश्वासन दिया इस अवसर पर जिला एव सत्र न्यायाधीश श्री मिश्रा ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर की सरल और सहज कार्यप्रणाली की प्रशंसा की कार्यक्रम को वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र बापट ने भी सम्बोधित किया कार्यक्रम के पश्चात सीजनल फ़ूड फेस्टिवल में भुट्टे से बने व्यंजनों का आनंद लिया इस अवसर पर सभी न्यायाधीश, वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्तागण उपस्थित थे संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता रघुवीर यादीं ने किया एवं आभार नोटरी एडवोकेट अनिल राज सिंह सिकरवार ने माना।

## सड़क निर्माण में बाधक अतिक्रमण हटाए






### नालियों के ऊपर बने ओटले तोड़ें

**सोनकच्छ।** नगर में इन दिनों सड़कों का निर्माण कार्य चल रहा है। लेकिन अतिक्रमण होने की वजह से कार्य रोक दिया गया था। सीएमओ अमरदास सेनानी ने 24 जुलाई को अतिक्रमणकारियो को नोटिस जारी करें थे लेकिन अतिक्रमणकारियो ने अतिक्रमण नही हटाया था। जिसके बाद गुरूवार को नप द्वारा जेसीबी के माध्यम से नालियों पर बने ओटले तोड़ने का कार्य किया गया। ओटले तोड़ने के दौरान कुछ महिलाओं की आंखे नम भी हो गई लेकिन अधिकारियों ने कार्रवाई जारी रखी।

उधर इस दौरान एक महिला सीएमओ को कहने लगी कि, नगर के बीचों बीच का अतिक्रमण तोड़ने आया गए आप लोग, जबकि पूरे नगर में अतिक्रमण है। पहले आप वार्ड 1 से अतिक्रमण तोड़ना शुरु करो तब हम अपना अतिक्रमण खुद हटा लेंगे। जिस पर सीएमओ ने कहा कि, आपको नोटिस दिया गया आपने अतिक्रमण नही हटाया इसमें हमारी कोई गलती नही है। इस पर सीएमओ ने कहा कि, आप मुझे ऑर्डर नही दे सकते है। शुक्रवार को सुबह 9 बजे से पुनः अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

## श्रीकृष्ण जन्म अष्टमी महोत्सव पर तीन दिवसीय ओशो ध्यान शिविर



**देवास।** स्वामी योगेन्द्र भारती एवं नवीन सोलंकी ने बताया कि आज के युग में श्री कृष्ण पूर्ण अवतार पुरूष है, जिसका कोई जन्म नहीं जिसकी कोई मृत्यु नहीं। उन्हीं का हम जन्म उत्सव मनाने जा रहे हैं। श्री कृष्ण के बहुआयामी व्यक्तित्व एवं श्रावण मास में शिव की भक्ति प्रकृति ही परमात्मा के रूप में अस्तित्व को स्वयं जानने का सुंदर अवसर है। गीता दर्शन में ओशो के प्रवचनों में ध्यान विधियों की चर्चा की है। उन ध्यान विधियों का प्रयोग कराये जायेंगे। आपके होने का स्वयं को जानने का बोध कराया जाएगा। इस हेतु स्वामी ओमप्रकाश भारती पुणे महाराष्ट्र के दिव्य संचालन में इंदौर उज्जैन रोड पर स्थित तक्षशीला स्कूल के पीछे ओशो महाकाल धाम आश्रम में 14 अगस्त शाम 6 बजे से ध्यान शिविर प्रारंभ होकर 15,16, 17 अगस्त दोपहर को समापन होगा। इस हेतु स्वामी बोधि निजेन, मां दिव्यांम कांता, मां मधुसूदन मीरा, स्वामी बोधि सागर (हिमांशु), मां प्रेम संगीत (स्वाती), स्वामी हर्षद नागर, मां प्रेम अन्जु, स्वामी बोधि अशोक ने आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में अपनी सहभागिता दें।

## इनर व्हील क्लब 304 का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न




**देवास।** इनर व्हील क्लब देवास 304 की सत्र 2025-26 की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस गरिमामयी अवसर पर क्लब की पूर्व अध्यक्ष चंद्रकांता शर्मा द्वारा नवनियुक्त अध्यक्ष मोनिका जैन को कॉलर पहनाकर पदभार सौंपा गया। नवीन अध्यक्ष मोनिका जैन ने अपनी टीम की घोषणा करते हुए उपाध्यक्ष किरण भार्गव, सचिव रेखा उपाध्याय, कोषाध्यक्ष निशा राठौर, संयुक्त सचिव सुनीता जैन आई.एस.ओ. मेघा शर्मा तथा संपादिका अपर्णा देशपांडे को पिन लगाकर पदभार सौंपा। साथ ही, अध्यक्ष मोनिका जैन द्वारा इनरव्हील क्लब के पूर्व अध्यक्षों को भी पिन लगाकर उनका स्वागत सत्कार किया गया। साथ ही क्लब की नवगठित सदस्यों का भी हार्दिक स्वागत किया गया एवं उन्हें भी प्रतीक चिह्नस्वरूप पिन लगाकर सदस्यता प्रदान की गई।

कार्यक्रम का संचालन सुनीता पाटिल और सायरा कुरैशी द्वारा किया गया, एवं आभार सचिव रेखा उपाध्याय ने माना। इस अवसर पर क्लब की अनेक सदस्याएँ उपस्थित रहीं और सभी ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएँ देते हुए सफल कार्यकाल की कामना की।

## भारतीय सेना ने कारगिल की बर्फीली चोटियों पर दुश्मनों को धूल चटाई :पारीक

### कारगिल विजय दिवस की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित



**देवास।** शासकीय केपी कॉलेज देवास में कारगिल विजय दिवस की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनीष पारीक,जनभागीदारी समिति, अध्यक्ष, विशेष अतिथि सुमेर सिंह नागर, सुरेश धाकड़ व पूर्व क्रीड़ा अधिकारी संग्राम सिंह साठे उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एसपीएस राणा ने की। इस अवसर पर भारतीय सेना के भू.पू.सैनिक सुमेर सिंह नागर,सुरेश धाकड़ का मनीष पारीक व डॉ राणा ने शाल श्रीफल से सम्मान किया। कारगिल विजय दिवस की वर्षगांठ पर जन भागीदारी समिति अध्यक्ष मनीष पारीक ने हमारे सैनिकों के साहस और पराक्रम की प्रशंसा करते हुए बरोठा ग्राम के बारामूला में शहीद हुए जागेश्वर धाकड़ को नमन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सेना ने मुश्किल विषम परिस्थितियों में भी कारगिल की बर्फीली चोटियों पर दुश्मनों का मुकाबला कर उन्हें धूल चटाई और शिकस्त देकर भारत माता का मान बढ़ाया। इस अवसर पर भू.पू. सैनिक सुमेर सिंह नागर ने विद्यार्थियों को विकसित भारत के निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। हर सैनिक का एक ही सपना होता है तिरंगा हमेशा ऊंचा रहे और मां भारती का मान बढ़ता रहे। भारत शांति प्रिय देश है लेकिन उसकी शांति , एकता और अखंडता पर हमला करने वाले हर शत्रु को उसने परास्त किया है। आभार डॉ संजय गाडगे ने माना और कार्यक्रम का संचालन डॉ विजय कुमार सोनिया ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ आर एस अनारे,डॉ आर के मराठा, डॉ बी एस जाधव,नीरज जैन, प्रो दीप्ति ढवले व अन्य प्राध्यापको सहित बड़ी संख्या में एनसीसी के कैडेट्स एनएसएस के स्वयंसेवक एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी शामिल हुए।

### जवानों का जोश हर भारतवासी को गर्व से भर देता है

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस पी एस राणा ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय सेना के जवानों का जोश, जुनून और साहस हर भारतवासी को गर्व से भर देता है और जवानों की शहादत ,त्याग और बलिदान को नमन करते हुए हमारे देश में मेले लगाए जाते हैं। विद्यार्थी जिस भी क्षेत्र में आगे बढ़ते है वहां वे देश सेवा ही करते हैं। कार्यक्रम में डॉ संजय सिंह बरोनिया ने पीपीटी के माध्यम से कारगिल युद्ध के ऑपरेशन विजय की सफलता को विस्तार से समझाया। साथ ही कारगिल युद्ध विजय पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी प्रदर्शित की गई।

## जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली में औचक निरीक्षण

### भर्ती मरीजों की जानकारी ली



**बागली।** गुरुवार को देवास जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सरोजनी जेम्स बेक ने सिविल अस्पताल बागली का निरीक्षण किया इस दौरान परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओ के लिए आयोजित एल टी टी कैंप की जानकारी ली तथा हितग्राही महिलाओं और परिजनों से बात की इस दौरान बागली बीएमओ डॉ हेमंत पटेल एवं ब्लॉक स्तरीय टीम को निर्देश दिए की जनसंख्या दिवस अभियान में स्वास्थ्य केन्द्र ओर ग्राम आरोग्य केन्द्रो पर निरंतर जागरूकता गति विधियॉ आयोजित कर स्थायी और अस्थाई सेवाओं की जानकारी देते रहे। आगामी कैंपों में अधिक से अधिक योग्य दंपतियों को सेवाएं प्रदान करे।

निरीक्षण के दौरान सी एम एच ओ डॉ बेक ने सिविल अस्पताल के विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किया वार्ड में भर्ती मरीजों कि जानकारी ली गर्भवती महिलाओ की प्रसव पूर्व जॉच और परामर्श के साथ ही हाई रिस्क प्रबंधन कर सुरक्षित प्रसव करवाने के निर्देश दिए, बीमारियों की निगरानी और सभी प्रकार की दवाईयों की संस्था में उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी दौरान प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही सुरक्षित मातृत्व प्रस्तुति योजना की प्रगति रिपोर्ट एवं प्रस्तुति ग्रह की सभी व्यवस्थाओं को बारीकी से देखा पदस्थ स्टाफ ने व्यवस्थाओं की जानकारी दी इसी दौरान डॉक्टर बेक ने क्षेत्र के अधिक से अधिक पात्र नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए,साथ ही परिसर में निर्माणधीन नवीन ब्लॉक पब्लिक हैल्थ यूनिट का निरीक्षण किया दस्तक अभियान में चिन्हांकित, एनीमिक, गंभीर कुपोषित बच्चों का उचित प्रबंधन किया जावे, निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉ. हेमन्त पटेल , नर्सिंग ऑफिसर योगिता योगी कमल सिंह डाबर बीईई राधेश्याम चौहान, बीसीएम यतीन्द्र बैरागी सुपरवाइजर नंदकिशोर मोहवाल सहित चिकित्सक स्टॉफ उपस्थित रहे।

## रतनजोत के बीज खाने से बच्चों की तबीयत हुई खराब, अस्पताल में किया भर्ती





**देवास।** ग्राम नकलन में स्कूल से घर लौटते समय सात छोटे बच्चों ने रास्ते में रतनजोत के बीज खा लिए। घर पहुंचने के बाद आधा दर्जन बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी और उन्हें उल्टियां होने लगीं। परिजन बच्चों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे स्वस्थ नजर आए।बच्चों के परिजनों ने बताया कि वे सभी नकलन गांव के निवासी हैं और मजदूरी करते हैं। बच्चे कल स्कूल गए थे और वहां से लौटते समय उन्होंने रास्ते में रतनजोत के बीज खा लिए थे।

चार बच्चों पर बीज का असर अधिक हुआ था।सभी बच्चे नकलन के शासकीय स्कूल में पहली और दूसरी कक्षा के छात्र-छात्राएं हैं। जब परिजन काम से घर लौटे तो उन्हें बच्चों की तबीयत खराब लगी, जिसके बाद वे उन्हें अस्पताल ले गए।

## सोनकच्छ में 25 अगस्त को दिव्यांगता प्रमाण-पत्र यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए शिविर

**देवास।** उप संचालक सामाजिक न्याय एवं निशक्त जन कल्याण विभाग संगीता यादव ने बताया कि जिले में विकास खण्ड स्तर पर दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण-पत्र एवं यू डी आइ डी कार्ड बनाने के लिए शिविरों का आयोजन किया जायेगा। जिसके तहत विकास खण्ड टोंकखुर्द में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र टोंकखुर्द में 18 अगस्त, विकास खण्ड कन्नौद में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कन्नौद में 21 अगस्त, विकास खण्ड सोनकच्छ में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनकच्छ में 25 अगस्त तथा विकास खण्ड खातेगांव में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खातेगांव में 28 अगस्त को शिविर का आयोजन होगा। सभी दिव्यांगजन शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए शिविर में उपस्थित होकर दिव्यांगता प्रमाण-पत्र एवं यू डी आई डी कार्ड अवश्य बनवाये।

## उत्तराखंड त्रासदी पर 400 विद्यार्थियों ने दी श्रद्धांजलि,पौधा रोपण किया

### पेड़ ही पर्वत की जान का दिया संदेश



**देवास।** उत्तराखंड में विगत दिनों बादल फटने की घटना से फ्लड आने के कारण धरावी में मरने वाले लोगों के श्रद्धांजलि स्वरुप किंडर हाई सेकेंडरी स्कूल के 400 छात्र छात्राओं ने मानव चेन बनाकर पर्वत संरक्षण के लिए समाज को एक मैसेज ( पेड़ ही पर्वत की जान ) दिया। यह संदेश स्कूल के डायरेक्टर हेमंत वर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के रीजनल अधिकारी अशोक जाधव एवं प्रांतीय संगठन सचिव सुरेश दसानिया उपस्थित रहे, साथ ही रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉक्टर सचिन नगर भी उपस्थित थे। उपरोक्त कार्यक्रम के उपरांत बच्चों ने पर्वत संरक्षण की कड़ी में शंकरगढ़ पर्वत पर जाकर 250 पौधों का रोपण किया तथा हर वर्ष पौधारोपण करने और उससे बड़ा करने का भी प्रण लिया। इस संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान ग्रीन आर्मी के समरजीत जाधव का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। उपस्थित सभी अतिथियों एवं शिक्षकों का आभार हिमांशी वर्मा व्यक्त किया।

**एक नजर** एसडीएम, तहसीलदार, पुलिस विभाग से बैठक में कोई नही आया

## स्वतंत्रता दिवस मनाए जाने को लेकर जनपद सभाकक्ष में बैठक का आयोजन



**सोनकच्छ।** नगर में स्वतंत्रता दिवस मनाए जाने को लेकर जनपद सभाकक्ष में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक जनपद सीईओ गीतिका सोनी ने ली। बैठक में उपस्थित लोगों ने सुझाव दिए कि, विभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों की संख्या महज दो ही होगी। ताकि उन्हें अच्छे से सम्मानित किया जा सकें। साथ ही अच्छे अंक लाने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र के साथ शील्ड देने का भी सुझाव दिया गया। जिसे अधिकारियों ने स्वीकार किया। साथ ही नियम बनाया गया कि, जिन अधिकारी कर्मचारियों का सम्मान पूर्व में हो चुका है उनका सम्मान 3 वर्ष के बाद ही किया जाएगा। नए लोगों को मौका दिया जाएगा। विभाग 13 अगस्त तक ऐसे लोगों के नाम दें। नप को सफाई व्यवस्था के निर्देश दिए गए है। साथ ही प्रभात फेरी के दौरान आवारा मवेशी रेली में बाधक न बनें इसका विशेष ध्यान दिया जाएं। बीईओ व बीआरसी सम्मान पाने वाले छात्र छात्राओं की सूची 13 अगस्त तक उपलब्ध करवाएं। कार्यक्रम का संचालन धीरजसिंह राजपूत द्वारा किया जाएगा। तिरंगा चढ़ाने का कार्य प्रेम यादव द्वारा किया जाएगा। सार्वजनिक ध्वजारोहण मंडी परिसर में किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, एसडीओपी, टीआई, लोनिवि एसडीओ, बीईओ, बीएमओ, डीई सहित कई महत्वपूर्ण विभाग अधिकारी उपस्थित नही थे। जिसकी बैठक में उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने निंदा की। सोनी ने कहा कि, एसडीएम द्वारा मुझे बैठक करने के निर्देश दिए थे। जो अधिकारी नही आएं उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि, 8 अगस्त को शासकीय स्कूल परिसर को तिरंगे की थीम पर सजाया जाएं। सेल्फी पॉइंट बनाएं जाएं। 9 से 11 अगस्त को ग्राम में सफाई अभियान, सार्वजनिक स्थलों की सफाई, विद्यार्थियों के साथ रेली, पेंटिंग, रंगोली प्रतियोगिता आयोजन किया जाएं। बैठक में जनपद पंचायत अध्यक्ष सुरजसिंह ठाकुर, पार्षद कृष्णपालसिंह बघेल आदि उपस्थित थे।

## अ.भा. ब्राह्मण महासंघ का श्रावणी उपाकर्म 9 को

**देवास।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ अध्यक्ष दिनेश मिश्रा की अध्यक्षता में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दिनांक 9 अगस्त 2025 प्रात 8 बजे मण्डी धर्मशाला श्रावणी उपाकर्म का आयोजन किया जाएगा। वर्तमान आधुनिक युग में देखा जा रहा है कि श्रावणी उपाकर्म की परम्परा लुप्तप्राय है इस परम्परा को पुनर्जीवित एवं रक्षित करने के लिए गत कई वर्षों से श्रावणी पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी 9 अगस्त शनिवार को देवास के परम् श्रेष्ठ यज्ञाचार्य पं.देवनायक मिश्र शास्त्री के मार्गदर्शन में ,पं.कपिल शास्त्री ,पं.सूर्यप्रकाश मिश्र एवं पं मनोज व्यास द्वारा श्रावणी संम्पन्न करवाई जाएगी। कार्यक्रम अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ देवास के द्वारा आयोजित है जिसके अन्तर्गत महामना पं मदन मोहन मालवीय ट्रस्ट श्रीगौड ब्राह्मण समाज देवास भी शामिल होगा। उपाकर्म अंतर्गत तीर्थस्नान, पंचगव्यप्राशन, हेमाद्रि संकल्प, दशविध स्नान, सूर्योपस्थान, ऋषि पूजन, नूतन यज्ञोपवीत पूजन एवं धारण देवर्षि पितृ तर्पण आदि विधि शास्त्रोक्त विधि विधान से विद्वानों के द्वारा सम्पन्न कराई जाएगी। आप सभी विद्वानों से सादर निवेदन है कि अपने इष्ट बन्धु बान्धवों एवं परिजनों के साथ सम्मिलित होकर पुण्यलाभ अर्जित करें। उक्त जानकारी आदित्य दुबे ने दी।